**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–01 फरवरी 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में पेश करेंगी वित्तीय वर्ष–दो हजार छब्बीस–सत्ताइस का बजट। मोबाइल एप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी बजट की प्रति।
- राज्यस्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की महत्वपूर्ण बैठक। कहा– प्रदेश में निवेश करने वाले हर उद्यमी के साथ खड़ी है सरकार।
- एटा जिले के पटना पक्षी विहार को मिला प्रदेश के ग्यारहवें वेटलैंड का दर्जा। वन एवं पर्यावरण मंत्री डॉक्टर अरूण सक्सेना ने कहा– एक जिला एक वेटलैंड योजना पर काम कर रही है सरकार।
- प्रयागराज माघ मेले का पांचवां प्रमुख स्नान पर्व आज। माघी पूर्णिमा पर ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु लगा रहे आस्था की डुबकी।

**********

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज लोकसभा में वित्तीय मंत्री वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताइस का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। लोकसभा में बजट पेश होने के बाद बजट की प्रति राज्यसभा में पेश की जाएगी। संसद में बजट भाषण सम्पन्न होने के बाद बजट की प्रति मोबाइल ऐप और वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगी। नरेन्द्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का ये तीसरा बजट होगा। एक रिपोर्ट–

***वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन बजट भाषण में अगले वित्त वर्ष के लिए आर्थिक विकास के रूपरेखा के साथ–साथ सरकार की आय और व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करेंगी। बजट तैयार करते समय केंद्र सरकार द्वारा युवाओं समेत आम नागरिकों से अलग–अलग माध्यमों के जरिए सुझाव मांगे गए थे जिसकी झलक केंद्रीय बजट 2026–27 में देखने को मिलेगी। आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि आज पेश होने वाला बजट विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ाने का काम करेगा।

***माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जिस ढंग से लगातार विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए बजट बढ़ाने का काम किया है। किसानों को, नौजवानों को, छात्रों को, महिलाओं को हर सेक्टर को तेजी के साथ आगे बढ़ाने का काम माननीय प्रधानमंत्री जी कर रहे हैं और बजट में आपको परिलक्षित दिखेगा। विकसित भारत का संकल्प पूरे करने की आधारशिला आगे बढ़ाने का काम मैं कह सकता हूं। यह आगामी बजट है।***

आर्थिक जगत के विशेषज्ञों का भी मानना है कि बजट देश के विकास की गति को नए आयाम देने वाला होगा। लखनऊ विश्विद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रोफेसर यशवीर त्यागी ने कहा कि बजट सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखकर पेश होने की उम्मीद है।

***यह बजट ऐसे समय आ रहा है जब विश्व में उथल–पुथल है और अनिश्चितता का वातावरण है और भारतीय अर्थव्यवस्था ने एक उदाहरण पेश किया है कि वह किसी भी चुनौती का सामना करने में समर्थ तो इसको ध्यान में रखते हुए कि जो वैश्विक परिवर्तन हो रहे हैं, मुझे ऐसा आभास होता है कि बजट यह प्रयास करेगा कि हमारे जो विभिन्न क्षेत्र है, कृषि है, उद्योग है, छोटे उद्योगपति हैं, महिलाएं हैं, किसान हैं, इन सब के हितों को संरक्षित किया जा सके।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रदेश में किया गया निवेश सिर्फ एक राज्य में नहीं बल्कि राष्ट्रहित में किया गया निवेश है। मुख्यमंत्री, कल देर शाम लखनऊ में राज्य स्तरीय उद्योग संगठनों और प्रमुख उद्यमियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को भरोसा दिलाया कि प्रदेश में निवेश करने वाला हर उद्यमी सरकार को अपने साथ खड़ा पायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की खुशहाली, रोजगार सृजन और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में उद्योग जगत सबसे बड़ा सहयोगी है। सरकार इस साझेदारी को और मजबूत करना चाहती है।

**********

निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के तहत कल विशेष अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में प्रदेश भर के मतदाताओं की सुविधा के लिए समस्त पोलिंग बूथों पर ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रदर्शन किया गया। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निर्वाचन आयोग का लक्ष्य है कि मतदाता सूचियों को शुद्ध करने के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से बाहर न रह जाए। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि जिनका नाम आलेख्य मतदाता सूची में नहीं है, वे घोषणा–पत्र के साथ फॉर्म–छः भरकर अपने बीएलओ को उपलब्ध करा दें या पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें।

**********

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि तीस अप्रैल तक राम मंदिर से जुड़े सभी निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अगले तीन वर्षों तक मंदिर की देखरेख के लिए निर्माण एजेंसियों की एक छोटी यूनिट मंदिर परिसर में तैनात रहेगी। श्री मिश्र ने बताया कि मंदिर निर्माण पर अब तक करीब एक हजार नौ सौ करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं।

**********

उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन ने उपभोक्ताओं के लिये चलायी जा रही विद्युत बिल राहत योजना के दूसरे चरण को बढ़कर पांच फरवरी तक कर दिया है। यह योजना कल समाप्त हो रही थी। विद्युत बिल राहत योजना में अब तक बयालीस लाख से अधिक उपभोक्ताओं ने पंजीकरण करया है, जिससे लगभग चार हजार पांच सौ करोड़ रूपये का राजस्व जमा हुआ है।

**********

केंद्र सरकार ने एटा जिले में स्थित पटना पक्षी विहार को प्रदेश का ग्यारहवां 'वेटलैंड' घोषित किया है। देश भर में वेटलैंड की संख्या के हिसाब से उत्तर प्रदेश का दूसरा स्थान है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस उपलब्धि के लिए प्रदेशवासियों को बधाई दी है। पटना पक्षी विहार के साथ ही गुजरात के 'छारी–ढांड' को भी रामसर स्थल घोषित किया गया है। प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डा. अरूण सक्सेना ने बताया कि सरकार एक जिला एक वेटलैंड योजना पर काम कर रही है। इसके तहत प्रत्येक ग्राम सभा में वेटलैन्ड कमेटी का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कल विश्व वेटलैंड्स दिवस पर बेतवा नदी के तट पर स्थित महावीर स्वामी पक्षी विहार में नेचर एण्ड बर्ड फेस्टिवल का शुभारम्भ किया जायेगा।

**********

प्रधानमंत्री के सक्रिय शासन और समयबद्ध कार्यान्वयन के प्रमुख मंच– प्रगति ने अपनी पचासवीं सफल बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विशेष श्रृंखला में प्रस्तुत है रेल मंत्रालय से संबंधित परियोजनाओं पर एक रिपोर्ट.....

***इस समय देश में रेलवे की 387 बड़ी परियोजनाएं चल रही हैं, जिन पर 12 लाख करोड रुपए से ज्यादा का निवेश किया जा रहा है। इनमें से 97 महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रगति केमाध्यम से की है। इन परियोजनाओं में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, पहाड़ी और कठिन इलाकों में रेल नेटवर्क का विस्तार और बड़े स्टेशनों काविकास शामिल है। दुनिया की सबसे बड़ी रेल प्रणालियों में शामिल भारतीय रेलवे देशको जोड़ने व्यापार को बढ़ावा देने और दूर दराज इलाकों तक संपर्क पहुंचने में भूमिका निभा रहा है। दीपेंद्र कुमार आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

प्रयागराज माघ मेले के पांचवें प्रमुख स्नान पर्व 'माघी पूर्णिमा' पर आज ब्रह्ममुहूर्त से ही लाखों श्रद्धालु त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। माघी पूर्णिमा स्नान पर्व के साथ ही एक माह का कल्पवास आज पूरा हो जायेगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को लेकर प्रशासन की तरफ से व्यापक इंतजाम किये गये हैं। एक रिपोर्ट–

***संपूर्ण मेला क्षेत्र में लगभग साढ़े तीन किलोमीटर से अधिक लम्बाई में बने स्नान घाट पर डीप वाटर बैरिकेटिंग के साथ ही जल पुलिस और गोताखोरों की तैनाती की गई। माघी पूर्णिमा के स्नान के बाद कल्पवासी अपना कल्पवास पूर्णकर अपने गंतव्य को रवाना होते है। इसको लेकर पुलिस के द्वारा यातायात के विशेष प्रबन्ध किए गए है। प्रवीण मिश्र आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

माघ पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों में भी श्रद्धालु पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं।

**********

आज महान समाज सुधारक और दार्शनिक संत रविदास की जयंती मनाई जा रही है। वाराणसी जिले के सीर गोवर्धनपुर स्थित संत रविदास मंदिर में आज सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए वहां व्यापक प्रबंध किये गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को रविदास जयंती की शुभकामनाएं दी हैं। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री ने संत रविदास को नमन करते हुए कहा कि सद्‌गुरु रविदास जी ने कर्म से सेवा, समरसता और समानता का जो संदेश दिया, वह आज भी हमें प्रेरित करता है। आज सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास, सबका विश्वास का जो संकल्प है, उसकी आत्मा गुरु रविदास जी की शिक्षाओं में है।

**********

प्रदेश के अधिकांश जनपदों में आज घना कोहरा छाया है। मौसम विभाग ने आगामी अड़तालीस घंटों में प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं–कहीं बारिश और शीत दिवस का अनुमान जताया है।

**********